सवाल नं० 1697 सख्या: 13

कार्यालय, राजस्व अभि० कले० अलीगढ़

न्यायालय उप जिलाधिकारी/सहा०कलै०प्र०श्रेणीअतरौली–अलीगढ़

वाद संख्या: 3 अं०धारा–143 ज०वि०एवंभू०व्य०अधि०

मौजा– नहल परगना व तहसील अतरौली जनपद –अलीगढ़।

शैलेन्द्र सिंह बनाम गांव सभा।

नकल– निर्णय दि० 25-5-07

प्रार्थी शैलेन्द्र सिंह पुत्र सूरजपाल सिंह, प्रबन्धक जय गिर्राज धरण महाविद्यालय, नहल निवासी ग्राम परगना व तहसील अतरौली द्वारा एक प्रा०पत्र बाबत खाता सं०–144 गाटा सं०–855 मि० रकबा 1.132 है० लगानी 50=50 पैसा स्थित मौजा नहल में प्रार्थी का 3/4 भाग व खाता सं०–575 गाटा संख्या 855मि० रकबा 1.132है० लगानी यथोचित भाग पर स्थित मौजा नहल उपरोक्त का पूर्ण भाग पर मालिक स्वामी काबिज व दखील हूँ। प्रार्थी द्वारा उक्त भूमि में आबादी दर्ज करने की प्रार्थना की है।

प्रार्थी का प्रा०पत्र दि०–7–3–07 को तहसीलदार, अतरौली को जांच के लिए भेजा गया। जिसपर तहसीलदार, अतरौली द्वारा दि०–10–3–2007 को लेखपाल एवं रा०नि० की आख्या के आधार पर उक्त भूमि को आबादी घोषित किए जाने की संस्तुति की है।

पत्रावली के अवलोकन एवं प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के पश्चात एवं तहसीलदार, अतरौली की उक्त विश्वसनीय आख्या के आधार पर खाता संख्या–144 गाटा सं०–855 मि० रकबा 1.132 है० पर जय गिरिराज धारण महा विद्यालय के नाम दर्ज है, जिसमें 0.849 पर खेती नहीं हो रही है। उतने ही रकबे पर महा विद्यालय चल रहा है तथा खाता खतौनी सं०–575 गाटा सं०–855 रकबा 1.132 है० जय गिरिराज धारण महा विद्यालय का नाम दर्ज है जिसके प्रबन्धक शैलेन्द्र सिंह पुत्र सूरजपाल सिंह हैं। इन गाटों पर आबादी बनी हुई है, आबादी, बागवानी, कृषि, कुटकुट पालन, मछलीपालन आदि नहीं हो रहा है। अतः खाता सं०–144 गाटा सं०–855 मि० के रकबा 0.849 है० तथा खाता सं०–575 गाटा सं०–855 मि० के रकबा 1.132है० के संक्रमणीय भूमिधर पर आबादी घोषित की जाती है। तद्नुसार राजस्व अभिलेखों में अमल किया जाय। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली दा०द० हो।

दिनांक–25–5–2007

ह० अपठनीय
(लोकेश एम०)
उप जिलाधिकारी, अतरौली।

सत्य प्रतिलिपि
07-11-22
राजस्व अभिलेखागार
कलैक्टेट, अलीगढ़

नकल नवीस के हस्ताक्षर
मिलान करने के हस्ताक्षर
नकल ...व्द की सख्या... छाया प्रति

नकल सवाल के दिनांक ...08-11-22
नकल बनाने का दिनांक ...07-11-22
नकल जारी करने का दिनांक ...07-11-22

प्रतिलिपि विभाग
राजस्व अभिलेखागार
कलैक्टेट अलीगढ़

Scanned with OKEN Scanner